प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
- 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, देश और प्रदेश में होंगे विभिन्न कार्यक्रम।
- महिलाओं की बेहतरी के लिए प्रदेश में देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन होगा शुरू।
- भारत और इंग्लैंड के बीच पांच ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज खेला जाएगा।

राष्ट्रपति - राष्ट्र संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति के सन्देश के प्रसारण के कारण आज शाम प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार सात बजकर दस मिनट के स्थान पर छः बजकर पचास मिनट से प्रसारित होंगे।

पीएम-एनसीसी कैडेट्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एन.सी.सी. और युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, एन एस एस के स्वयंसेवियों , कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात की।

बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता और विविधता पर जोर दिया तथा सभी प्रतिभागियों से विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ संवाद करने का अनुरोध किया, जिससे एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती मिल सके। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए सभी नागरिकों को जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा करना होगा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

देशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगी। इस आयोजन में विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि तथा प्रमुख भी हिस्सा लेंगे। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है- "नथिंग लाइव वोटिंग, आई वोट फोर श्योर"  समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु, सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रक्रिया पुरस्कार प्रदान करेंगी। वहीँ, प्रदेश के सभी 65 हजार 14 मतदान केंद्रों पर आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। प्रदेश के सभी 55 जिलों में भी कार्यक्रम होंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा चुनाव में उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

## मप्र झांकी

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में मध्यप्रदेश की झांकी में इस बार कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में हुई चीता की वापसी की झलक प्रदर्शित होगी। गौरतलब है कि भारत में 17 सितंबर 2022 को आठ चीतों का पहला समूह नामीबिया से कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर आया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी 2023 को 12 चीतों का दूसरा समूह पहुंचा।

## गणतंत्र अतिथि

राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान देने वालो विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को नई दिल्ली में कल गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। टीकमगढ़ जिले के जीवन लाल राय को भी परेड के लिए आंमत्रित किया गया है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया है।

अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन

प्रदेश में देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारम्भ किया जाएगा। राज्य मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से इसका सैद्धांतिक अनुमोदन कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि

मिशन के प्रमुख लक्ष्यों में जन्म के समय लिंगानुपात में 5 अंक प्रति हज़ार की वृद्धि करना, बालिकाओं की 10 या उससे अधिक वर्षों की स्कूली शिक्षा में 5 प्रतिशत की वृद्धि करना, मातृ मृत्यु दर में 10 अंक की कमी लाना, महिला के विरुद्ध अपराध में 5 अंक की कमी लाना, बाल विवाह को रोकने और महिला श्रमबल भागीदारी दर में 3 फीसदी की वृद्धि करना शामिल है। इसके अलावा, प्रदेश में किसानों को कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में वर्तमान में प्रचलित मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना अंतर्गत सोलर कृषि पम्प भी सम्मिलित किए जाने का निर्णय लिया है।

प्रयाग स्वच्छता

प्रयागराज में महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि महाकुंभ में स्वच्छता बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेश है एक रिपोर्ट

इंदौर जमीन अतिक्रमण

इंदौर में जिला प्रशासन व नगर निगम की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर ग्राम पिपल्याहाना में चरनोई की जमीन पर अवैध कब्जे को हटाया। इस जमीन का बाजार मूल्य 40 करोड़ से भी अधिक है।

मौसम

उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में फिर से ठंड बढ़ गई है। भोपाल में कल दिन का तापमान 6 दशमलव 8 डिग्री कम होकर 22 दशमलव 6 डिग्री पर आ पहुंचा।

इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी गिरावट हुई है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहने की सम्भावना व्यक्त की है। दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट होगी। आज ग्वालियर, चंबल, जबलपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्का कोहरा रह सकता है।

क्रिकेट - भारत बनाम इंग्लैंड

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच शाम सात बजे से शुरू होगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। बुधवार को कोलकाता में हुए पहले मैच में भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ..... —1—

- बैतूल में संभागायुक्त नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी ने कल जिला जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- मुरैना में बेटी बचाओ-बेटी पढाओं के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया।
- डिंडोरी जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा माह के तहत यातायात जागरूकता रथ को शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- मंडला में परिवहन कार्यालय एवं यातायात थाना के तत्वावधान में बस स्टैंड पर कल ड्राइवर्स डे मनाया गया।
- गुना में कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति को देखा। उन्होंने जामनेर से जलालपुर एवं जामनेर से कांकरवास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति भी देखी।
- झाबुआ में शासकीय आदर्श महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 94 विद्यार्थी के लर्निंग लाइसेंस ऑनलाइन जारी हुए।
- खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने धार्मिक स्थलों में शराब बंदी के निर्णय का स्वागत किया है।

- आगरमालवा में विभिन्न कार्यक्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों को दर्ज कराने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

-------